## -:प्रेस नोट:-

दिनांक- 10.11.2025

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **महाराणा प्रताप चौराहे पर यातायात जागरुकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन। भागवत प्रसाद मेमोरियल इण्टर कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक एवं जागरुकता रैली के माध्यम से लोगों का यातायात नियमों का प्रति किया गया जागरुक।**
- **विद्यालय कि कक्षा 10 की छात्रा सार्वी श्रीवास्तव को एक घण्टे के लिए बनाया गया यातायात निरीक्षक (ट्रैफिक इंस्पेक्टर)। चेकिंग के दौरान नवनियुक्त यातायात प्रभारी ने यातायात नियमों का पालन न करने वाले लोगों को सख्त हिदायत देते हुए 08 वाहनों के काटे चालान।**

**विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल** के कुशल निर्देशन में यातायात जागरुकता माह नवंबर के अंतर्गत जनपद में होने वाली दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने तथा यातायात नियमों के प्रति आम-जनमानस को जागरुक करने हेतु व्यापक जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, इसी क्रम में आज दिनांक 10.11.2025 को **अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज एवं सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी यातायात सुश्री मेविस टॉक** के नेतृत्व में **महाराणा प्रताप चौराहे** पर कैम्प लगाकर विशेष जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान भागवत प्रसाद मेमोरियल इण्टर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आमजन को यातायात नियमों के पालन का संदेश दिया। छात्र-छात्राओं ने अपने अभिनय और काल्पनिक घटनाओं के माध्यम से लोगों का यह समझाने का प्रयास किया सड़क पर एक छोटी सी चूक उन्हे तथा उनके परिवार को अपूर्णीय क्षति की ओर ले जा सकती है। यातायात नियमों का पालन करना न केवल स्वयं तथा दूसरों की जीवन रक्षा के लिए जरुरी है साथ ही यह सभी नागरिकों का कर्त्तव्य भी है। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को बिना ड्राइविंग लाइसेन्स के वाहन न चलाने, बिना हेलमेट दुपहिया वाहन न चलाने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाने, ओवर स्पीड में वाहन न चलाने, शराब पीकर वाहन न चलाने तथा अपनी लेन में चलने आदि के संबंध में जागरुक किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज ने विद्यालय की **कक्षा 10 की छात्रा सार्वी श्रीवास्तव** को एक घण्टे के लिए **निरीक्षक यातायात** बनाया। नवनियुक्त निरीक्षक यातायात द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें यातायाय नियमों का पालन न करने वालों का सख्त चेतावनी दी गई तथा **08 वाहनों के चालान** भी काटे गए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्री शिवराज ने अपने संबोधन में कहा कि बांदा पुलिस द्वारा माह भर चलाए जा रहे इस विशेष जागरुक अभियान में प्रत्येक स्कूली छात्र-छात्राएँ बांदा पुलिस की ब्रांड एम्बेजडर हैं, उन्होने सभी छात्र-छात्राओं से अपील कि वे सभी अपने आस-पास के लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करें। सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी यातायात सुश्री मेविस टॉक ने छात्रा प्रगति सिंह के जन्मदिन पर एक हेलमेट गिफ्ट किया। इस दौरान उन्होने द्वारा छात्र-छात्राओं की प्रसंशा करते हुए कहा कि आप सभी की सामाजिक मूल्यों के प्रति सकारात्मक अभिरुचि सराहनीय है, आप सभी के प्रयासों से ही जागरुकता अभियान को मौलिक सफलता तक पहुंचाया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्री शिवराज द्वारा छात्र-छात्राओं, शिक्षकों तथा जनसमूह को यातायान नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के अन्त में एक व्यापक जागरुकता रैली निकाली गई जिसके माध्यम से लोगों को जागरुक करने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी नरैनी श्री कृष्णकांत त्रिपाठी, विद्यालय के शिक्षकगण, यातायात प्रभारी श्री संजय कुमार मिश्रा, यातायात मास्टर ट्रेनर श्री पीयूष मिश्र तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।